दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

Tital Code:RAJHIN27921

मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

वर्ष: 01 | अंक : 63 | जयपुर | 10 अक्टूबर 2022 | सोमवार | मूल्य: रु. 2 | पृष्ठ : 06

सरकार आईएएस-आरएएस को देगी चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंसी अवार्ड

जयपुर. देश में राजस्थान पहला राज्य बनने वाला है, जहां बेहतरीन कार्य करने वाले सरकारी अफसरों-कार्मिकों को मुख्यमंत्री एक्सीलेंसी अवार्ड दिया जाएगा। इस अवार्ड की शुरूआत आईएएस काडर से होगी और चरणबद्ध तरीके से सामान्य पदों के कार्मिकों तक यह अवार्ड दिए जाएंगे। अभी राजस्थान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे किसी अधिकारी-कर्मचारी के शानदार काम करने पर उसे पुरस्कृत किया जाता हो। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने गत दिनों एक सम्पूर्ण प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री गहलोत को भिजवाया है, जिसे गहलोत ने प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के तहत सबसे पहले आईएएस अफसरों का चयन किया जाएगा। उसके बाद आरएएस अफसरों का चयन होगा और फिर डॉक्टर, शिक्षक और विभिन्न विभागों में कार्यरत इंजीनियर्स का नम्बर आएगा। उसके बाद विभागों ने विभिन्न ग्रेड में कार्यरत कर्मचारियों के नाम मांगे जाएंगे। इस अवार्ड का प्रस्ताव यूं तो सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से तैयार हुआ है, लेकिन असल में यह प्रस्ताव एक ऐसे आईएएस अफसर ने बनाया है, जो स्वयं प्राइम मिनिस्टर एक्सीलेंसी अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। वे गहलोत के पसंदीदा अफसरों में से एक हैं और पूर्व में भी कुछ शानदार योजनाओं को गहलोत की पहल पर मूर्त रूप दे चुके हैं। आम तौर पर सरकारी कर्मचारियों को तो फिर भी विभागीय स्तर पर उच्चाधिकारी सम्मानित या पुरस्कृत कर देते हैं, लेकिन जो स्वयं उच्च पदों पर कार्यरत अफसर हैं, उन्हें कौन पुरस्कृत करे। ऐसे में स्वयं मुख्यमंत्री ने यह कदम उठाया है कि चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंसी अवार्ड नाम से एक पुरस्कार शुरू किया जाए। यह अवार्ड मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव जैसे शीर्ष आईएएस काडर के पदों से लेकर सुदूर गांव-ढाणी में कार्यरत सामान्य कर्मचारी तक को दिया जाएगा। चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंसी अवार्ड को शुरू करने के पीछे मुख्यमंत्री गहलोत की मंशा सभी सरकारी अफसरों और कार्मिकों को जनता की सेवा के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

राजस्थान की राजनीति का एक चमकता हुआ सूर्य आज हुआ अस्त

जयपुर ।राजस्थान के ब्राह्मणों को एक जाजम पर बिठाने के साथ सारी कोमों की भलाई के लिए जीवन खपा देने वाले पंडित भंवर लाल शर्मा का रविवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन से राजनीति का एक चमकता हुआ सूर्य आज अस्त हो गया। भँवर लाल शर्मा राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी थे, साथ ही जनता के साथ खड़े रहने वाले एक खांटी नेता भी रहे। जनता का यहीं प्यार था कि वेचूरु जिले के सरदारशहर से सात बार विधायक रहे। वे भाजपा, जनता पार्टी, लोकदल, कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों में ₹ठरके₹ से रहे। सरपंच और विधायक के साथ कई बार मंत्री भी रहे। पंडित जी ने जीवन भर गरीबों के दिल पर राज किया। विद्याधर नगर में ब्राह्मण समाज के लिए परशुराम भवन बनाने में पंडित जी का ही सबसे बड़ा योगदान था। उनके दरवाजे से कोई भी खाली हाथ नहीं गया । उसी का ही परिणाम रहा कि वे चाहे किसी भी पार्टी का टिकटलेकर चुनाव में खड़े होते फिर भी भारी वोटो से जीत जाते। सन 1985 में वे लोक दल के टिकट पर खड़े हुए और कांग्रेस के नेता चंदनमल बैद जैसी शख्सियत को हरा दिया । भंवर लाल जी ने अपने इलाके में पैसे और सत्ता के बल पर दलाली करने वाले अवसरवादी नेताओं के खिलाफ भी जिहाद छेड़े रखा ।सरदार शहर क्षेत्र के जैतसीसर गांव में पंडित सेवाराम के घर जन्म लिया तथा मनीराम के गोद चले गए ।गांधी विद्या मंदिर से हाई सेकेंडरी पास कर गांव की राजनीति में पड़ गए । सन 1965 से लगातार बीस साल तक गांव के सरपंच रहे। सरपंच रहते हुए उन्होंने पंचायत में जनता शासन के दौरान 1500000 रुपए खर्च कर पशु अस्पताल, चिकित्सालय भवन, चार पानी के कुए बनवाए। धर्मशालाएं बनवाई। सरपंच रहे भंवरलाल ने पंचायत को मजबूत किया । इनका जनसंपर्क बहुत मजबूत रहा। वह गांव में अधिकांश लोगों को नाम से जानते थे ।रात और दिन लोगों की बात सुनते और उनकी मदद करने में लगे रहे ।जयपुर आने वालों के ठहरने की व्यवस्था और आवभगत में इनका कोई मुकाबला नहीं था । इन्होंने अपने इलाके के झगड़ों को थाने और तहसील तक में जाने नहीं दिया ।काश्तकार विरोधी किसी भी विधेयक का उन्होंने हमेशा विरोध किया।

पंडित भंवर लाल शर्मा 1975 तक कांग्रेस के सदस्य रहे। लेकिन आपातकाल में कांग्रेस छोड़कर जनता दल में चले गए ।बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए किंतु फिर लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा।

बार-बार पार्टी बदलने के मुद्दे को लेकर कोई पूछता तो वह बताते थे कि जनता की सेवा हो सके वही दल है। जयपुर में उनका विधायक निवास या फिर उनका निजी मकान हमेशा गांव के इलाके के लोगों से खचाखच भरा रहता था ।गांव से आने वाले लोगों का वे इलाज कराते और अपने घर पर उनकी आवभगत कर मेहमान नवाजी करते ।राजस्थान पत्रिका के वरिष्ठ पत्रकार रहे बिशन सिंह शेखावत से 1985 में लिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि वह अपने को क्षेत्र का बेटा मान कर उसकी सेवा करने को ही महत्त्व देते हैं ।60 साल की राजनीतिक पारी खेलकर सरदार शहर के विधायक और राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष रहे भंवर लाल शर्मा की राजनीति के अनेक पहलू थे। वे खांटी राजनेता थे. जमीन से जुड़े रहे। उनके जैसे नेता बहुत कम होते हैं। वे कांग्रेस में भी रहे, बीजेपी में भी रहे और जनता दल में भी रहे लेकिन लोगों में उनकी स्वीकार्यता हमेशा बनी रही ।कांग्रेस के विधायक रहते हुए उनमें इतना साहस था कि वह बड़े से बड़े दिग्गज नेता को खरी खोटी सुना देते थे ।. जनता दल में रहते हुए उन्होंने भैरो सिंह शेखावत की सरकार का तख्ता उस वक्त पलटने की कोशिश की जब शेखावत अमेरिका में इलाज करवा रहे थे. दो साल पहले अशोक गहलोत सरकार के दौरान आए राजनीतिक संकट में भी वह चर्चा में आए लेकिन बाद में सर सरकार का सहारा ही बने।

भैरों सिंह शेखावत की सरकार के दौरान ही उन्होंने जनता दल के टिकट पर सरदारशहर से उप चुनाव लडा था। जब शेखावत सरकार के पांच मंत्री सरदार शहर में कैंप कर रहे थे और भंवर लाल शर्मा ने वह चुनाव बड़े अंतर से जीता था। यह सिर्फ और सिर्फ अपने क्षेत्र के लोगों से जीवंत संवाद और जमीनी पकड़ के चलते ही संभव था। नई पीढ़ी के युवा जो राजनीति में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंडित भंवर लाल शर्मा के राजनीतिक कैरियर का अध्ययन करना चाहिए।

कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा का निधन

जयपुर. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चूरू जिले के सरदाशहर से विधायक पंडित भंवरलाल शर्मा का निधन हो गया है। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में आज सुबह शर्मा ने अंतिम सांस ली। शनिवार शाम को ही उन्हें एसएमएस अस्पताल भर्ती करवाया गया था। शर्मा अपने 37 साल के करियर में हमेशा बेबाक बयानबाजी के लिए पहचाने गए। आम आदमी से जुड़ाव और खुलकर अपनी बात कहने के कारण उन्हें कई बार परेशानी का भी सामना करना पड़ा। करीब आठ साल पहले कांग्रेस ने उन्हें राहुल गांधी को जोकर कहने पर निलंबित कर दिया था। भंवरलाल शर्मा पिछले कई दिनों से बीमार थे। पहले उन्हें गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भी भर्ती करवाया था, वहां से छुट्टी मिल गई थी। उन्हें किडनी सहित कई तरह की बीमारियां थीं। शनिवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां आज उन्होंने अंतिम सांस ली। 17 अप्रैल 1945 को सरदाशहर के जैतसीसर गांव में पैदा हुए भंवरलाल शर्मा ने 60 के दशक में सरपंच से राजनीतिक करियर की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने सियासत में पीछे मुड़कर नहीं देखा। शर्मा सरदारशहर से सात बार विधायक रहे। वे 8 वीं से लेकर 12 वीं विधानसभा तक सरदारशहर से पांच बार लगातार जीते। बीच में हार गए थे। वे कांग्रेस से पहले जनता पार्टी में रहे थे। भंवरलाल 1985 में पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद 1990 में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और विधानसभा में उप मुख्य सचेतक जैसे पदों पर भी रहे। सीएम अशोक गहलोत ने विधायक भंवरलाल शर्मा के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 'सरदारशहर (चूरू) से कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा के निधन पर मेरी गहरी संवेदनाएं। काफी समय से वो अस्वस्थ चल रहे थे, उनके स्वास्थ्य को लेकर मैं उनके परिवारजनों के संपर्क में था, कल रात एसएमएस अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से जानकारी ली और परिवार से मुलाकात की थी।' शर्मा के निधन पर राज्यपाल कलराज मिश्र, सीएम अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित मंत्रियों और नेताओं ने शोक जताया है।

दोस्त को बचाने के लिए 5 दोस्त डैम में कूदे, 3 की मौत

जोधपुर. वीकेंड मनाने गए 6 दोस्त एक हादसे का शिकार हो गए। इनमें 5 दोस्त एक दोस्त को बचाने के लिए डैम में कूद गए। इस हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि दो को रेस्क्यू कर डैम से बाहर निकाला। डैम पर पहुंचने से पहले सभी दोस्तों ने हाईवे पर वीडियो भी बनाया था। मामला जोधपुर के मंडोर थाना क्षेत्र के सुरपुरा डैम का है। जहां सुबह करीब 12 बजे यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार प्रताप नगर मजदूर कॉलोनी निवासी अब्दुल मुतलिब (15), समीर हुसैन (17), इब्राहिम (16), नौशाद अली (17), मोहम्मद इब्राहिम (16) और मोहम्मद इस्माइल (15) रविवार को घूमने निकले थे। अब्दुल मुतलबि ने बताया कि सभी दोस्तों ने प्लान बनाया था कि वे जालोरी गेट की तरफ घूमने जाएंगे। लेकिन, अचानक से प्रोग्राम बदला और सभी सुरपुरा डैम घूमने के लिए निकल गई। अब्दुल मुबलिब ने बताया कि सभी डैम की पाळ पर चल रहे थे। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डैम में जा गिरा। वह डूबने लगा तो चिल्लाने लगा। दोस्त को डूबता देख समीर हुसैर, इब्राहिम, मोहम्मद नौशाद और मोहम्मद इब्राहिम उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़े। लेकिन, दोस्तों ने अब्दुल और समीर हुसैन को तो बचा लिया लेकिन इस हादसे में नौशाद अली, इब्राहिम और मोहम्मद इस्माइल डूब गए व तीनों की मौत हो गई। जबकि मोहम्मद इब्राहिम डैम से दूर खड़ा था। सलीम ने बताया कि एक दिन पहले ही सभी ने घूमने का प्लान बना लिया था। सुरपुरा की तरफ निकले तो सभी दोस्त मस्ती कर रहे थे। इस दौरान सलीम ने हाईवे पर तीन से चार वीडियो बनाए। सलीम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो भी शेयर किया था। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम और कलेक्टर हिमांशु गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक बच्चे का पैर फिसलने से यह हादसा हुआ था। घायलों का इलाज महात्मा गांधी अस्पताल में चल रहा है। जबकि, शवों को एमजीएच हॉस्पिटल की ही मॉच्युरी में रखवाया गया है।

इस सरकार में एक कुर्सी छोड़ना नहीं चाहता तो दूसरा कुर्सी लेने के लिए अड़ा: वसुन्धरा राजे

जयपुर/देशनोक। पूर्व सीएम व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ने देशनोक में करणी माता,मुकाम में विश्नोई सम्प्रदाय के गुरु जम्भेश्वर भगवान और बीकानेर में गढ़ गणेश जी के दर्शन किए। करणी माता दर्शन के दौरान उन्हें सफेद चूहा भी दिखाई दिया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार और पार्टी में चल रहे विवाद पर तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार में एक कुर्सी छोड़ना नहीं चाहता तो दूसरा गुट कुर्सी हासिल करने के लिए अड़ा हुआ है ।इन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है ।जनता जानती है कि उसके कुशासन भरे 4 साल कैसे निकले ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को प्रदेशवासियों ने सत्ता सौंपी थी,लेकिन उन्होंने जनता की नहीं सुनी ।जनता के साथ विश्वासघात किया ।जनता की नहीं कुर्सी की चिंता की ।लेकिन अब समय आ रहा है हम सब मिलकर फिर से नया राजस्थान बनाएँगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करेंगे।

अशोक गहलोत झूँठे वादे करने में माहिर है

वसुन्धरा राजे ने कहा कि अशोक गहलोत झूँठे वादे करने में माहिर है, चुनाव में किया गया 10 दिन में किसानों की कर्ज.माफी का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ ।अब जनता पछता रही है ।इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल दिए पर उनमें हिंदी मीडियम के अध्यापक है ।पिछले चार सालों में हमारे प्रदेश तरक़्की रुक गई है ।अब हम सब मिल कर फिर से प्रगति के पथ पर राजस्थान को आगे बढ़ायेंगे ।देश का सिरमोर बनाएँगे। राजे ने कहा कि मैंने हमेशा लोगों की सेवा करने का प्रयास किया ।सबको गले से लगा कर आप सब के साथ चलने का प्रयास किया उन्होंने कहा कि करीब चार सालों से राजस्थान में अपराध, अन्याय और आतंक का जो वातावरण बन गया है उसको भगवान के आशीर्वाद से बदलेंगे ।समय आ रहा है मिलकर नया राजस्थान बनाएँगे ।उन्होंने कहा कि राजनीति में घृणा और नफरत नहीं प्रेम होना चाहिये।

भीड़ में बैठे सांसद दुष्यंत

पूर्व सीएम के पुत्र व झालावाड़ बारां में 4 बार के सांसद दुष्यंत सिंह उनकी माँ की देव दर्शन यात्रा में अलग ही नजर आए ।बीकानेर में वो श्रोताओं के बीच जमीन पर बैठे नजर आए ।मंच से बहुत दूर रहे। वे उनके साथ हेलिकॉप्टर में भी नही बैठे। जब श्रीमती राजे ने सम्बोधन में अन्य सांसदो के साथ उनका नाम पुकारा तो वे कहीं नजर नही आए ।किसी ने बताया तब श्रीमती राजे को पता चला कि वे तो सामने भीड़ में बैठ कर उनका भाषण सुन रहे है ।देशनोक में भी वे मंच पर नही बैठे भीड़ में ही नजर आए ।उनका यह अन्दाज सब के लिए चर्चा का विषय रहा।

गलतागेट थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए

बुजुर्ग महिला के पैर काटकर बदमाश चांदी के कड़े लूट ले गए

जयपुर. जयपुर में रविवार सुबह 108 साल की बुजुर्ग महिला के पैर काटकर बदमाश चांदी के कड़े लूट ले गए। बाथरूम में दर्द से करहाती बुजुर्ग महिला को बेटी ने पड़ोसियों की मदद से एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। गलतागेट थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस को मौके पर ही पैर काटने के लिए यूज किया हथियार भी मिला है। फिलहाल पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि मीणा कॉलोनी गलतागेट निवासी जमुना देवी (108) अपनी बेटी गोविंदी और पोती ममता (22) के साथ रहती है। सुबह करीब 5 बजे वह घर में बैठी थी। इस दौरान घर में घुसे बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। उसे घसीटते हुए घर के बाहर बने बाथरुम में ले आए। बाथरुम में उसके दोनों पैरों को काटकर चांदी के कड़े निकाल लिए। दर्द से करहाती बुजुर्ग महिला को तड़पता छोड़कर बदमाश फरार हो गए। बुजुर्ग के भतीजे गोपाल मीणा ने बताया कि ममता और गोविंदी अंदर अपने कमरे में सो रही थी। जमुना देवी बाहर बेड पर सो रही थी। रात करीब तीन बजे ममता ने जमुना देवी को पानी पिलाया था। इसके बाद वो सोने चली गई। सुबह करीब 5 बजे बदमाशों ने जमुना देवी पर हमला किया। बुजुर्ग होने के कारण महिला ज्यादा बोल नहीं पाती थी। इसलिए चिल्ला नहीं

सकी। बदमाश महिला को सड़क की तरफ बने बाथरूम में घसीटकर ले आए। फिर दोनों पैरों को पिंडलियों के नीचे से काट कर चांदी के कड़े निकाल लिए। बुजुर्ग का मूंह हाथ से दबा दिया। इस दौरान बुजुर्ग महिला ने गले में सोने का जंतर पहन रखा था। इसे भी लूटने के लिए भी महिला के गले पर वार किया। इस दौरान कुछ आवाज आने पर बदमाश मौके से भाग गए। सुबह करीब 6 बजे ममता और गोविंदी सोकर उठीं। उन्होंने देखा की जमुना देवी अपने बैड पर नहीं है। बैड खड़ा हुआ था। सारा सामान जमीन पर बिखरा था। घर के हालत को देखकर जमुना देवी की तलाश शुरू की तो वे बाहर के बाथरूम में मिलीं। महिला के दोनों पैर अलग कटे हुए पड़े थे। बुजुर्ग महिला के दोनों पैर काटकर कड़े लूटने की सूचना पर गलतागेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिटी एफएसएल की टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए। पुलिस को बाथरुम में धारदार बड़ा चाकू मिला है। जिससे पैर काटकर कड़े लूटे गए। पुलिस ने हथियार को जब्त कर लिया है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। बुजुर्ग के पति का नाम हरिनारायण है। जो हलवाई की दुकान चलाते थे। 5 साल पहले उनका निधन हो गया था। डीएसपी और सीएसटी की टीमें इन्वेस्टिगेशन में लग गई हैं। संदिग्धों से पूछताछ चल रही है।

जयपुर में आज से 11 दिन का लोकरंग फेस्टिवल

जयपुर. जयपुर में 10 अक्टूबर से कला का त्योहार मनाया जाएगा। जवाहर कला केंद्र में 11 दिवसीय 25वें ह्यलोकरंग फेस्टिवलह्य में एक ही मंच पर , विभिन्न प्रदेशों की रंग-बिरंगी संस्कृति की छटा बिखरेगी। इस सांस्कृतिक अनुष्ठान में राजस्थान, उत्तर-प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, आसाम, गोवा, बिहार, पंजाब, जम्मू, कश्मीर और नागालैंड समेत देशभर के करीब 3 हजार से ज्यादा लोक कलाकार मिलकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ग्यारह दिनों तक रोजाना जवाहर कला केंद्र के मुक्ता-काशी मंच और शिल्प-ग्राम में लोक कला के संगम के बीच कलाकार अपने-अपने क्षेत्र की लोक कलाओं की प्रस्तुतियां देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शाम 6.30 बजे से 9.00 बजे तक होगा। वहीं जेकेके के शिल्पग्राम में शहनाई-नगाड़ा, तीन ढोल, कठपुतली, नट, अलगोजा नृत्य, बहुरूपिया, जादू कला, कालबेलिया और बम रसिया की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेगी। जेकेके के शिल्पग्राम में राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का आयोजन भी होगा। मेले में राजस्थान सहित अन्य प्रान्तों के पुरस्कृत शिल्पियों एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिल्पियों सहित डीसीएच के कार्ड धारक हस्त-शिल्पियों द्वारा निर्मित कलात्मक हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजना किया जायेगा। मेले के दौरान अन्य प्रान्तों के व्यंजनों की स्टॉल भी लगाई जायेगी। ये ऐग्जीबिशन 10 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9.30 बजे तक खुली रहेगी।

सम्पादकीय

खड़गे के सामने नहीं टिक पा रहे शशि थरूर, गांधी परिवार की योजना सही दिशा में बढ़ रही है

अगले वर्ष मध्य प्रदेश में जब विधानसभा के चुनाव होंगे, तब वहां मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह में अच्छे से ठनेगी, इसकी आशंका भी अभी से जग गई है। कुल मिलाकर, अध्यक्ष पद का चुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आ चुका है। सस्पेंस और हॉरर हिंदी फिल्म की तरह हो गया है कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव। प्रत्येक घंटे कुछ ना कुछ अप्रत्याशित बदलाव हो रहे हैं। कौन नामांकन भर रहा है, कौन पीछे हट रहा है, यही ड्रामा बीते कुछ दिनों से दिल्ली के 24 अकबर रोड़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर लगाए गए राजनैतिक पंडितों के भी अभी तक के सभी कयास फेल हो गए हैं। कहानी अब मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर पर आकर रूक गई है। जबकि, शुरूआत राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हुई थी। रेस में उनके पिछड़ने के बाद कांग्रेस के दूसरे कद्दावर नेताओं जैसे दिग्विजय सिंह व कमलनाथ और ना जाने कितने धुरंधरों के ईदगिर्द अध्यक्ष बनने की गेंद घूमती रही। पर, कहानी में घंटे-घंटे भर बाद मोड़ कुछ ऐसे आए जिससे उपरोक्त नाम एक-एक करके किनारे होते गए। इसी दरम्यान मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी चुप्पी तोड़ी और अपने सबसे वफादार नेता कमलनाथ के नाम पर उन्होंने गर्दन हिलाकर स्वीकृति देकर उन्हें रात में ही भोपाल से दिल्ली तलब किया। लेकिन जब वह आए तो उन्होंने अपनी भविष्य की राजनीतिक महत्वकांक्षा सोनिया गांधी को बताकर कांग्रेस अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार से अपना नाम हटवा लिया। दरअसल, अगले साल मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां कमलनाथ खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर देख रहे हैं। क्योंकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद मुख्यमंत्री उम्मीदवारी में उनका नाम सबसे आगे है जिस पर दिल्ली के शीर्ष नेतृत्व की भी हामी है। हालांकि इस कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी कतार में हैं। पर, उनकी दावेदारी कई कारणों से कमलनाथ के मुकाबले कमजोर है। लेकिन, मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा उनमें भी कमलनाथ से कम नहीं है। उनके भीतर भी रात दिन मुख्यमंत्री बनने के सपने हिलोरे मारते हैं। इसी कारण उन्होंने भी कांग्रेस अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी में कुछ खास दिलचस्पी नहीं दिखाई।

अगले वर्ष मध्य प्रदेश में जब विधानसभा के चुनाव होंगे, तब वहां मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह में अच्छे से ठनेगी, इसकी आशंका भी अभी से जग गई है। कुल मिलाकर, अध्यक्ष पद का चुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आ चुका है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने अब खड़ा कौन हो पाएगा? उनके कद के नेता शशि थरूर को नहीं माना जा रहा। जबकि, कतार में अब ये दो ही बचे हैं। इस लिहाज से कहीं समय आते-आते ऐसा ना हो कि मल्लिकार्जुन खड़गे निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हो जाएं। क्योंकि कतार के तीसरे उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का नामांकन रद्द हो चुका है।

सांस लेना भी हो गया है दुर्लभ

राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार हर साल 70 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण जान गंवाते हैं। हालत इतनी खराब है कि वैश्विक स्तर पर हर 10 में से 9 लोगों तक शुद्ध हवा नहीं पहुंच पाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक कण शरीर की सुरक्षा के लिए मौजूद बाधाओं को पार कर दिल, दिमाग और फेफड़ों पर असर डालते हैं। भारत में बच्चे से बुजुर्ग तक हर समय किसी न किसी सेहत के खतरे से घिरे रहते है। यहाँ एक खतरा कम होने का नाम नहीं लेता की दूसरे की आहट सुनाई देने लगती है। इस बार मीडिया ने यातायात प्रदूषण के खतरे से बच्चों को सावचेत किया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते है जब कोई गर्भवती महिला यातायात से प्रदूषित वातावरण में सांस लेती है तो प्रदूषण के कण शरीर में चले जाते हैं। यह प्रदूषित कण गर्भ में पल रहे बच्चे के फेफड़ों के विकास को प्रभावित कर सकता है। इसलिए जरूरी है कि गर्भवती महिलाएं खुद को यातायात सहित हर प्रकार के प्रदूषण से दूर रखें। प्रदूषण का अर्थ है हमारे आस पास का परिवेश गन्दा होना और प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा होना। प्रदूषण कई प्रकार का होता है जिनमें वायु, जल और ध्वनि-प्रदूषण मुख्य है। पर्यावरण के नष्ट होने और औद्योगीकरण के कारण प्रदूषण की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है जिसके फलस्वरूप मानव जीवन दूभर हो गया है। महानगरों में वायु प्रदूषण अधिक फैला है। वहां चौबीसों घंटे कल-कारखानों और वाहनों का विषैला धुआं इस तरह फैल गया है कि स्वस्थ वायु में सांस लेना दूभर हो गया है। यह समस्या वहां अधिक होती हैं जहां सघन आबादी होती है और वृक्षों का अभाव होता है। कल-कारखानों का दूषित जल नदी-नालों में मिलकर भयंकर जल-प्रदूषण पैदा करता है। बाढ़ के समय तो कारखानों का दुर्गंधित जल सब नाली-नालों में घुल मिल जाता है। इससे अनेक बीमारियां पैदा होती है। इसी भांति ध्वनि-प्रदूषण ने शांत वातावरण को अशांत कर दिया है। कल-कारखानों और यातायात का कानफाड़ू शोर, मोटर-गाड़ियों की चिल्ल-पों, लाउड स्पीकरों की कर्णभेदक ध्वनि ने बहरेपन और तनाव को जन्म दिया है। हमने प्रगति की दौड़ में मिसाल कायम की है मगर पर्यावरण का कभी ध्यान नहीं रखा जिसके फलस्वरूप पेड़ पौधों से लेकर नदी तालाब और वायुमण्डल प्रदूषित हुआ है और मनुष्य का सांस लेना भी दुर्लभ हो गया है। इसके अलावा वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने भी पर्यावरण को बहुत अधिक क्षति पहुंचाई है। विश्व में हर साल एक करोड़ हैक्टेयर से अधिक वन काटा जाता है। भारत में 10 लाख हैक्टेयर वन प्रतिवर्ष काटा जा रहा है। वनों के कटने से वन्यजीव भी लुप्त होते जा रहे हैं। वनों के क्षेत्रफल के नष्ट हो जाने से रेगिस्तान के विस्तार में मदद मिल रही है। प्रदूषण कितने प्रकार का है यह हर कोई नहीं जानता है मगर यह बात सब जानते है की प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इससे न सिर्फ हमारे फेफड़ों और दिल को नुकसान पहुंचता है बल्कि अस्थमा जैसी कई बीमारियां भी घेर लेती हैं। हाल ही में की गई एक स्टडी में सामने आया है कि यातायात प्रदूषण से भारत में साढ़े तीन लाख बच्चों को अस्थमा हो गया है। चीन के बाद इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला दूसरा देश भारत है। भारत में सरकारी और निजी स्तर पर जागरूकता के आभाव का कारण बच्चे से बुजुर्ग तक प्रदूषण के चपेट में है और इससे पीड़ित लोगों का आंकड़ा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। बच्चे मासूम है और इस खतरे से नावाकिफ है। बच्चों की सेहत की रक्षा करना हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है। हमारे नौनिहाल यदि आँख खोलते ही इसकी चपेट में आ गए तो भविष्य पर सवाल उठाना लाजमी है। यातायात प्रदूषण के अनेक कारण है जिन पर लम्बी बहस की जा सकती है मगर जरुरत इस बात की है की हम उन कारणों को दूर करें जिनकी बदौलत बच्चो की सेहत पर बुरा असर पढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण वे वाहन है जो निरंतर धुंवा छोड़कर बच्चों को आहत कर रहे है। भारत में किसी भी यातायात चौराहे पर खड़े होकर हम देखे तो पाएंगे जहरीली गैस हमारे पर्यावरण को खराब कर रही है। इसके लिए कोई दूसरा नहीं बल्कि हम खुद जिम्मेदार है। आने वाले खतरे को हम खुद आमंत्रित कर रहे है और इसका दोष सरकार पर मंड देते है। पहले हमें खुद को सुधारना होगा फिर यह सीख दूसरों को देनी होंगी तभी सुधारात्मक उपाय सार्थक होंगे और प्रदूषण से बचा जा सकेगा।

फिर साबित हुआ, छैनी की चोट ने 'भगवान' बना दिया

दर्द बड़ा बेदर्द होता...इसे शब्दों में बांधना बहुत मुश्किल है। दर्द ना रिश्ते-नाते देखता है...ना अपना-पराया। दर्द तो दर्द है जब भी किसी पर टूटता है तो तोड़कर रख देता है। बिरले ही होते हैं जो खड़े रह पाते हैं। ऐसा ही एक नाम है हिमांगी का। नाजों से पली हिमांगी ने बचपन में ही जिंदगी के कई रंग देख लिए। शान-ओ-शोकत भी देखी तो गुरबत में भी दिन गुजारे। दो रोटी के लिए पड़ोसियों के ताने सहे...बर्तन भी साफ किए। छोटे से बड़े....सभी ने कई बार दुष्कर्म किया, वह भी सहा। सगे-संबंधी अपने ना रहे...वक्त ने बता दिया कि अपने-परायों के चेहरे कैसे होते हैं। पिता की मौत के बाद परेशानियों का जो दौर शुरू हुआ उसे शब्दों में व्यक्त करना बहुत मुश्किल है लेकिन हिमांगी ने हर दर्द सहा...हर दर्द के बाद और निखरती गई....शायद उसने खुद से ही वादा किया था कुछ कर गुरजने का। कन्हैया से लौ लगाई और वृंदावन चली आई। शास्त्रों का अध्ययन किया...गीता पढ़ी। देश-विदेश में कथा वाचन करने भी गईं। लगा जिंदगी पटरी पर आ रही है...इसी बीच फिर मुसीबतों का पहाड़ टूटता है और हिमांगी के किन्नर

होने का खुलासा होता है। उसे मठ से निकाल दिया जाता है। बेदर्द जमाने के सामने रोने-गिड़गिड़ाने से पेश्तर वह बांकेबिहारी के सामने खूब रोई....। आज यही हिमांगी निमोर्ही अखाड़े की महामंडलेश्वर है। दुनिया की पहली किन्नर पुराण लिख रही है। हिमांगी की यह दास्तां किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है लेकिन सच यह है कि संघर्षो की दास्तां उसने खुद लिखी....खुद ने खुद से वादा किया कुछ कर गुजरने का...और हिमांगी निमोर्ही अखाड़े की महामंडलेश्वर बन गई...। अर्थात युवा पीढ़ी के लिए हिमांगी एक मिसाल हो सकती हैं। दस-बारह साल की जिंदगी में सब कुछ खत्म हो जाने पर भी वह टूटती नहीं। लड़ी और बराबर लड़ी....समाज से...प्रशासन से...अपनों से...परायों से...लेकिन हार नहीं मानीं। यही वजह रहीं कि वे पहली महामंडलेश्वर सखी कहलाईं। असल में संघर्ष हमें तोड़ता नहीं जोड़ता है...एक ऐसे पथ से..जिस पर चलकर हम कोई नया मकाम बना सकते हैं लेकिन हम तो लकीर के फकीर हैं। जरा सी चोट से बिखर जाते हैं। यहां-वहां आदर्श ढूंढने लगते हैं...आशीर्वाद मांगते फिरते हैं। गंठे-ताबीज बांधने लगते हैं किंतु ये हमारे कुछ काम नहीं आते हैं, क्योंकि जिंदगी की लड़ाई हमें स्वयं ही लड़नी पड़ती है। सुना है, सूफी फकीर बायजीद किसी गांव से गुजरता था। उसने देखा कि उसके पीछे ही उसके चरण-चिन्हों पर...ठीक चरण-चिन्हों पर पैर रखता हुआ एक युवक चला आ रहा है। इधर-उधर पैर नहीं रखता! जहां-जहां बायजीद के चरण पड़ते हैं, वहीं पैर रखता है। बायजीद बाएं मुड़ता, तो वह बायें मुड़ता है, बायजीद दाएं मुड़ता है, तो वह दाएं मुड़ता है। थोड़ा उसका मजा लेने के लिए बायजीद काफी गोल-गोल चलने लगा। मगर वह युवक भी धुन का पक्का है। वह ठीक पीछे लगा है...छाया की तरह। वह ठीक चरण-चिन्हों पर ही पैर रखता है! अंत में उसने बायजीद से कहा कि देखते हैं, आपके चरण-चिन्हों पर चल रहा हूं, बड़ा आनंद मिला। आपके सत्संग से बड़ा रस आया। अब एक काम करे, आपके कपड़े का एक टुकड़ा मुझे फाड़ कर दे दें, उसकी मैं ताबीज बना लूंगा। बहुत से देशों में ऐसा खयाल है कि संत के कपड़े का टुकड़ा मिल जाए, तो ताबीज बन जाएगा। बायजीद ने कहा कि सुन, तू कपड़े का टुकड़ा क्या, अगर मेरे चमड़े का टुकड़ा भी ले जाए, तो भी ताबीज न बनेगा। बदबू आएगी उस ताबीज में। मेरे चमड़े के टुकड़े से मेरा क्या संबंध। मेरा संबंध नहीं मेरे चमड़े से, तो मेरे कपड़े से तो मेरा क्या संबंध है! पागल हुआ है? लेकिन यह युवक जिद पर अड़ा रहा। उसने कहा-नहीं, आपका आशीर्वाद तो चाहिए ही। बायजीद ने कहा, मेरा आशीर्वाद चाहिए हो तो मेरी सुन। मेरे पैरों के चिन्हों पर चलने से कुछ न होगा। नकल करने से कुछ भी न होगा। बायजीद ने सौ बार कहा...हजार बार कहा....अनंत बार कहा लेकिन किसी ने नहीं माना। आज भी हम भटक रहे हैं। युवा पीढ़ी जरा से संघर्ष से टूट जाती है। बड़ी-बड़ी सेलिब्रिटी गलत रास्तों पर चल पड़ती हैं...कई बार तो आत्महत्या जैसा कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटते। गंठे-ताबीज में एतबार हैं। तो बायजीद का संदेश साफ है। संघर्ष का नाम ही जिंदगी है। खुद महामंडलेश्वर हिमांगी सखी इसका उदाहरण हैं। हिमांगी ने तमाम झंझावात सहे...लड़ती रहीं....लड़ती रहीं और आज महामंडलेश्वर के प्रतिष्ठित आसन पर बिराजमान हैं। उनका किन्नर होना भी इसके सामने गौण हो गया। हिमांगी पर फिल्म भी बन रही है।... तो जिंदगी जिएं और बिंदास जिएं...संघर्ष आने पर घबराएं नहीं। इसे जीवन की ट्रेनिंग मानकर आत्मसात कर लें। यकीं मानिए, छैनी की चोट के बाद ही 'भगवान' का जन्म होता है।

किशनबाग पर्यटकों के लिए एक अद्भुत स्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को जयपुर स्थित किशनबाग सैंड ड्यून पार्क का अवलोकन किया। गहलोत ने किशनबाग में स्थित विविध मरूस्थलीय वनस्पतियों, पुरातन चट्टानों, मरूस्थलीय टीलों तथा राजस्थानी पद्धति से बने मचानों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पार्क के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्क के रेतीले क्षेत्र में उगाई गई स्वदेशी वनस्पति, प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लाई गई पहाड़ी तथा भूमिगत चट्टानों, जीवाश्म एवं उनके माध्यम से राज्य के प्राकृतिक इतिहास के वर्णन की सराहना की। श्री गहलोत ने पार्क में रेगिस्तानी रोई (झाडीनुमा जंगल) में उगने वाली विभिन्न प्रकार की झाड़ियों तथा अन्य वनस्पतियों को देखा। उन्होंने कहा कि पार्क का भ्रमण करने पर पर्यटकों को पता चलता

है कि राजस्थान की धरती बंजर न होकर विभिन्न प्रकार की झाड़ियां, घास व जैव-विविधता लिए हुए है तथा सैंकड़ों प्रजाति के पक्षी व जानवर इसके द्वारा पोषित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किशनबाग पर्यटकों के साथ-साथ विद्यार्थियों, शोधकताओं एवं भूगोलवेत्ताओं के लिए भी एक अद्भुत स्थल है। यहां आमजन अपने परिवार के साथ आकर सुकून भरा समय बिता सकते हैं। पार्क में आमजन को प्रकृति से जुड़ी विभिन्न प्रकार की रोचक जानकारी भी मिलती है। उन्होंने कहा कि किशनबाग को निमार्ताओं के द्वारा एक रचनात्मक ढंग से बनाया गया है। यहां प्रबंधन का शानदार कार्य किया गया है। साथ ही गाइड्स की जानकारी भी उत्कृष्ट स्तर की है। इस दौरान उन्होंने किशनबाग में घूमने आए आमजन से मुलाकात की तथा उनके अनुभव को जाना। श्री गहलोत ने कहा कि किशनबाग हमें रेगिस्तानी वनस्पति के संरक्षण की प्रेरणा देता है।

इस दौरान उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास एवं उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तुरंत सर्वे चालू कर शीघ्र कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए

कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने टोंक, बूंदी एवं कोटा जिले में फसल खराबे का जायजा लिया

जयपुर। कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार और आयुक्त कानाराम ने विभागीय अधिकारियों तथा जिला कलेक्टर्स के साथ रविवार को टोंक, बूंदी एवं कोटा जिले का दौरा कर बरसात से खराब हुई फसलों का जायजा लिया। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में फसल खराबे की स्थिति की समीक्षा की और तुरंत सर्वे चालू कर शीघ्र कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव एवं कृषि आयुक्त ने जिला कलेक्टर डॉ. चिन्मई गोपाल के साथ टोंक जिले के मुंडिया, मेहंदवास तथा बंथली गांव में बरसात से खराब हुई बाजरा एवं अन्य फसलों का निरीक्षण किया और मेहंदवास सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय में कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नुकसान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन प्राप्त हुई करीब 52 हजार फसल खराबे की सूचनाओं का सर्वेक्षण करने के साथ किसानों से 72 घंटे में टोल फ्री नंबर, एप या लिखित में खराबे की सूचना दिलवाने, किसानों को प्राप्ति रसीद देने तथा राजस्व तथा कृषि विभाग एवं किसान के साथ संयुक्त सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी रबी फसलों की बुवाई के समय को देखते हुए नुकसान का सर्वे प्राथमिकता से तीन-चार दिन में पूरा करने के निर्देश दिए।

कृषि विभाग के आला अधिकारियों ने बूंदी में जिला कलेक्टर डॉ. रवींद्र गोस्वामी के साथ जिले के तालाब गांव एवं गणेशपुरा क्षेत्र में धान एवं अन्य फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया और किसानों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बीमा कंपनी को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्राप्त शिकायतों का अगले 7 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और एसडीआरएफ के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार एवं आयुक्त श्री कानाराम ने कोटा जिले के बड़गांव का भ्रमण कर सोयाबीन और धान की फसल में हुए खराबे की विस्तृत जानकारी ली और मौके पर ही बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह प्रभावित किसानों से 72 घंटे के अंदर ऑनलाइन फसल खराब होने की शिकायत दर्ज करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान शिकायत दर्ज नहीं करा पाता है तो उसकी शिकायत निर्धारित प्रारूप में तय समय में आवश्यक दस्तावेज के साथ प्राप्त कर दर्ज करें। उन्होंने बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत दर्ज होने के 7 दिन में सर्वे पूर्ण कर सूचना कृषि आयुक्तालय, जिला कलेक्टर तथा संबंधित उपनिदेशक कार्यालय को भिजवाएं।

दिनेश कुमार और कानाराम ने निरीक्षण के बाद कोटा में वीसी के माध्यम से संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर वर्षा से हुए फसल खराबे के संदर्भ में विस्तृत जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व मंडल अजमेर द्वारा आवंटित समस्त फसल कटाई प्रयोग ऑनलाइन ही संपन्न कराएं जिससे फसल बीमा कंपनियों द्वारा खराबे की गणना कर समय पर क्लेम जारी किया जा सके। बैठक में संभागीय आयुक्त श्री दीपक नंदी, जिला कलेक्टर श्री ओपी बुनकर, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) श्री यशपाल महावत सहित कृषि एवं राजस्व विभाग के उच्च अधिकारी तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कालवाड़ी में अतिक्रमण से पुलिया अवरुद्ध होने के कारण गांव हुआ जलमग्न

मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी

खेरली। कस्बे के निकटवर्ती गांव कालवाड़ी में अतिक्रमण कर पुलिया अवरुद्ध कर देने से भारी बारिश के चलते पानी रुक जाने के कारण घरों में पानी भर गया। जानकारी अनुसार कालवाड़ी गांव में लोगों द्वारा पानी निकासी के लिए बनाई गई पुलिया को

अवरुद्ध कर देने के चलते बारिश के पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुस गया। जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई सूचना पर तहसीलदार गिरधर सिंह मीना ने मौके पर पंहुच कर स्थिति का जायजा लिया एवं जेसीबी द्वारा पानी निकासी के अवरुद्ध मार्ग को साफ करवाया गया जिसके बाद पानी निकला। इधर कालवाडी सरपंच रमेश मीणा ने बताया कि पूर्व में भी दो बार इस रास्ते के अतिक्रमण को हटवा दिया गया था लेकिन ग्रामीणों द्वारा बार-बार इस पर अतिक्रमण कर लिया जाता है जबकि पूरे गांव की पानी का निकास इसी पुलिया से होता है। इससे पूर्व जहां पूरा गांव में पानी भर गया वहीं सड़क पर लगभग 4 फुट तक पानी भर गया जिससे आवागमन बाधित हो गया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही दौरान पटवारी यादराम मीना, ग्राम सचिव लालाराम, कालवाड़ी सरपंच रमेश चंद मीना, पंचायत समिति सदस्य अनिता राकेश मीना सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

नसवाडा गांव में दिन रात बारिश के कारण लोगों का जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

मरुधर विशेष / दिनेश लेखी

डीग। उपखंड क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। किसान नन्दराम सिनसिनवार

का कहना है कि क्षेत्र में बाजरे व ज्वार की फसल में भारी नुकसान है। किसानों ने अभी तक बाजरे की कटाई कर दी लेकिन खेतों में पड़ा हुआ है और बारिश से भारी नुकसान है।सड़को पर लबालब पानी भरा रहा होने से राहगीरों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सड़कों ,गलियों आदि जगहों पर बारिश का रोड पर पानी भर गया । पानी की वजह से सड़क का कहीं भी कोई अता पता नहीं चल रहा है । जिससे लोगों को गड्ढे व नालों में गिरने की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इधर दोपहिया वाहन व सवारी टैंपो एवं पैदल राहगीर पानी में होकर अपना सफर तय कर रहे हैं । लगातार हो रही बारिश से जहां लोगों को गर्मी निजात तो निजात मिली है लेकिन आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । पानी अपने पूरे उफान पर सड़कों पर बाहर आ गया जिससे आमजन परेशान होते रहे।

कालश देव मंदिर पर गुर्जर समाज की बैठक संपन्न

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के गांव माजरा ढाकोडा के कालश देव मंदिर पर भौरेलाल बागड़ी की अध्यक्षता एवं महंत हरिदास महाराज के सानिध्य में आसपास के गुर्जर समाज के गांवों की समाज सुधार

हेतु बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई ।इस अवसर पर समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज (किसी भी रूप में),दसोटण करना,छूछक लेना व देना , किसी भी कार्यक्रम में डीजे बजाना,गोद भराई, छठी की रात पर अत्यधिक खर्च करना तथा घर से बाहर जन्मदिन मनाना आदि को गंभीर कुरीतियां तथा समाज की उन्नति में बाधक मानकर पूर्णतया बन्द करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 200 से अधिक गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने सर्वसम्मति से इन कुरीतियों को दूर करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने प्रण लिया कि समाज की उन्नति हेतु ऐसी कुप्रथाओं से दूर होकर बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालयों एवं छात्रावासों में सहयोग करेंगे तथा बच्चों की उच्च शिक्षा पर जोर दिया जाएगा ।इन नियमों के पालन हेतु एक कोर कमेटी का गठन किया गया।

राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन लखनऊ उत्तर प्रदेश में 30000 लोगों ने भंते सुमित रतन से ली धम्म दीक्षा

मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आज 9 अक्टूबर काशीराम पुण्यतिथि के अवसर पर काशीराम सामाजिक परिवर्तन स्थल पर स्थित कार्यक्रम राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन

लखनऊ उत्तर प्रदेश में 30000 लोगों ने हिंदू धर्म को छोड़कर बौद्ध धर्म को स्वीकार किया।इस कार्यक्रम में बहुत दूर-दूर से भारत देश के कई प्रदेशों से राष्ट्रीय वक्ता आए हुए थे जिसमें प्रो लक्ष्मण यादव, शंभू कुमार नेशनल दस्तक नीरज, पटेल संपादक नेशनल जनमत प्रो रवि कांत चंदन ,आर्टिकल 19 से नवीन कुमार, प्रोफेसरराजकुमार,यशवंत राव अंबेडकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी भारत एकता मिशन से विनय रतन सिंह ने अपने विचार रखे हैं तत्पश्चात राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन लखनऊ उत्तर प्रदेश में आए हुए भारत के दूर-दूर कोने से सभी लोगों ने भंते सुमित रतन से 30000 लोगों ने हिंदू धर्म को छोड़कर बौद्ध धम्म को स्वीकार किया और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 22 प्रतिज्ञाओं को ग्रहण किया। इस राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन में कार्यक्रम अमेठी जिले से आए लोगों हिंदू धर्म को छोड़कर बौद्ध धम्म की दीक्षा ली जो इस प्रकार है प्रतीक गौतम, डा.पूनम गौतम, राजेश कुमार, वन्दना अंबेडकर,जय प्रकाश, गुड़िया,मंजू, प्रेम शंकर ,कमलेश कुमार, अंजनी कुमार, अरुण कुमार अंबेडकर, आनंद सिंह सावंत, अशोक सावंत डा अनिल बौद्ध आदि लोगों ने राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन लखनऊ उत्तर में पहुंचकर बौद्ध धम्म की दीक्षा ली।राजेश राज भी मौके पर मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त सम्मान समारोह आयोजित किया गया

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के निकटवर्ती गांव मांची के सरपंच पूजा राजू मेहरा के पिता घनश्याम मेहरा के बीएसएफ के एसआई पद से सेवानिवृत होने पर सम्मान

समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अलवर जिला प्रमुख बलबीर छील्लर रहे। इस दौरान घनश्याम मेहरा के बीएसएफ में 35 वर्ष सेवा से सेवानिवृत होने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग जयपुर जिले के अध्यक्ष शम्भू दयाल खरडिया, सरपंच मदनलाल, सरपंच मुकेश जिलोवा, सरपंच अमरसिंह, सरपंच कबूल चन्द, सरपंच करणसिंह, मनोज जुली, किशोरपुरा सरपंच जलेसिंह यादव, इंद्राज सरपंच, शीशराम गुर्जर, सुनील दत्त रांगेरा, सुरेश डुमोलिया, दुलीचंद सोलंकी, अंकुर दायमा, राकेश बागड़ी, इंद्राज गुर्जर ए सी बी ई ओ, अतुल खराडिया, महिपाल चंदेला, विजयसिंह आर्य, कपिल सिरोहीवाल, सरपंच देवेन्द्र चौधरी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

रोडवेज बस चलाए जाने की मांग व सोडावास पुलिस चौकी पर एएसआई लगाने की मांग, समस्याओं के लिए दिया ज्ञापन ,कांग्रेस जिला अध्यक्ष को

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

मुंडावर । सोड़ावास क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाओं की बजाय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । आपको बता दें सोडावास में पुलिस चौकी का एरिया अधिक होते हुए भी यह एएसआई का पद होने के बावजूद नही लगाया जा रहा है । पुलिस चौकी में नफरी कम होने से समस्त गांवो को कवर नही किया जा सकता है । पुलिस स्टाप अपने सरकारी कामकाज के चलते व्यस्त रहते है ।जबकि पुलिस चौकी पर एक एएसआई की पोस्ट निर्धारित है । इस समस्या को लेकर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश भारद्वाज ने कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा को अवगत करवाया । उधर सोडावास से अजरका वाया जसाई , भानोत अलवर तक सीधी रोडवेज बस चलाए जाने की मांग की है । इस मांग के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अवधेश भारद्वाज करनिकोट ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा से मिलकर समस्या से अवगत करवाया । समस्या में बताया अजरका से अलवर जाने के लिए यात्रियों को बस बदलकर यात्रा करनी पड़ती है या फिर घूम कर जाना पड़ता है । जिससे किराया और समय की बबार्दी होती है । यह बात उनको क्षेत्र की समस्या से अवगत करवाया । मिश्रा ने दोनों समस्याओ के लिए रोड़वेज व पुलिस अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्या से अवगत करवया । उच्च अधिकारियों ने रोड़वेज व पुलिस के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है । उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते अब तक सोडावास पुलिस चौकी में एएसआई पद का रिक्त होना एवम राजस्थान परिवहन की बस सोडावास से अजरका अलवर मार्ग पर नहीं चल पाई है । जिसके चलते खामियाजा क्षेत्रीय जनता को उठाना पड़ रहा है ।

लायंस क्लब बहरोड किंग्स के द्वारा शहर के निजी होटल में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

बहरोड़ ।लायंस क्लब बहरोड किंग्स के द्वारा शहर के निजी होटल में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया । जिसमें क्लब के 25 परिवारों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम की शुरूआत पधारे हुए सभी लायन परिवारों , सम्माननीय जजों का अन्य अतिथियों का स्वागत कर की गई । कार्यक्रम में उपस्थित सभी लायन परिवारों व अतिथियों ने डीजे की धुन व गरबा के गीतों पर डांडिया खेल आनंद लिया ।कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं व खेलों का आयोजन किया गया साथ ही विभिन्न प्रकार के अवार्ड भी वितरित किए गए ।बेस्ट डांसर का अवार्ड नीरज कोमल सोनी को गया बेस्ट डांडिया डांसर का अवार्ड प्रमोद अन्नु अग्रवाल को गया व बेस्ट ड्रेस अवार्ड नवीन मधु गोयल को दिया गया । रैंप वॉक का अवार्ड क्या कीर्ति गोपाल अग्रवाल को गया । बच्चों के रैंप वॉक का अवार्ड गुनगुन व पीहू अग्रवाल को दिया गया । इसी अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिनका भी अवार्ड वितरित किए गए ।डांडिया नाइट के कार्यक्रम में सभी उपस्थित लायन सदस्यों को अतिथियों ने डीजे की धुन पर थिरक थिरक कर के कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया साथ ही कार्यक्रम में निर्णायक गणों की भूमिका में अनुपमा शर्मा व रेखा गोयल ने अपनी महती भूमिका निभाई । इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन राकेश रोहिल्ला की पत्नी नीतू रोहिल्ला व उनके बेटे हर्षदीप रोहिल्ला का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया सभी उपस्थित सदस्यों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में मुकेश, बुगलेश यादव, राकेश, सीमा अग्रवाल, नीरज, कोमल सोनी, मनीष, सीमा शर्मा, आशीष, कशीष अग्रवाल, राहुल, नेहा यादव, विपिन, शितल अग्रवाल, कविता, प्रतिमा, गुप्ता उमेश, प्रतिभा यादव , प्रदीप, पूनम यादव, जगदेव वर्मा, विनय अग्रवाल, नीतू गुप्ता,दिनेश अग्रवाल, प्यारेलाल, इंदिरा सैनी, जगदीप खंडेलवाल, निर्मल, अनीता कौशिक, मनीष, उमा खंडेलवाल, डॉ मनीष, ज्योति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर कस्बा के युवा जागृति संस्थान प्रभु भवन चंद वाली रोड स्थित कार्यालय पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की कैपेसिटी बिल्डिंग एवं डेवलपमेंट हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें स्वयं सहायता समूहों से महिलाओं एवं समूह के पदाधिकारियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीएम नाबार्ड प्रदीप चौधरी एवं कृषि विज्ञान केंद्र बानसूर से अरविंद कुमार ने भाग लिया । इस मौके पर डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि आज एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है कि हमारे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को समूह में जोड़कर बचत एवं निवेश का महत्व समझाया तथा साथ में वे संगठित होकर क्लस्टर फेडरेशन एवं महिला कृषक उत्पादक संघ बनाकर कंपनियां तक चला सकती है ।साथ में बाड़मेर की रूमा देवी का उदाहरण देते हुए समझाया कि महिला ठान ले तो कोई काम असंभव नहीं, वह हर असंभव को संभव बना सकती है । इसलिए आप भी सतत नवाचारों के साथ प्रयास करो । आपको निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी । महिलाओं द्वारा नाबार्ड की एल ई डी पी प्रशिक्षण में गोधन से बनाए गए उत्पाद जैसे धूपबत्ती ,अगरबत्ती, मूर्तियां, वर्मी कंपोस्ट, आचार, एलईडी बल्ब इत्यादि उत्पादों को उचित बाजार मूल्य में कैसे बेचा जाए जिससे अच्छा मुनाफा प्राप्त किया जा सके इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों प्रकार की मार्केटिंग के बारे में बताया। तथा नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षणों, बैंक ऋण इत्यादि की जानकारी देते हुए महिलाएं किस प्रकार वेबसाइट बनाकर भी ऑनलाइन मार्केटिंग से जुड़ सकती हैं और ऑनलाइन आर्डर प्राप्त कर सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र बानसूर से आए अरविंद कुमार जी ने महिलाओं को पशु पालन में बकरी पालन एवं मुर्गी पालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जिससे ग्रामीण महिलाएं अपने आप को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकती हैं

युवा जागृति संस्था सचिव गोकुल सैनी ने बताया कि यह दिवाली इको फ्रेंडली दिवाली के रूप में मनाने के लिए महिलाओं ने 100000 घरों में 500000 दिए जलाने का लक्ष्य रखा है जिसके लिए वह सतत प्रयास कर रही है।

इस मौके पर एफपीओ डायरेक्टर मनीषा देवी, राधा देवी,सुधा शर्मा,सुनीता देवी,पिंकी देवी, एसएचजी कोऑर्डिनेटर हरीश सैनी, सत्यवीर यादव, विपिन शर्मा, कंचन सैनी, मनीता सैनी ,वंदना लाटा एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं एफ पी ओ बोर्ड ऑफ डायरेक्टर उपस्थित रहे।

सुकन्या समृद्ध योजना के तहत बेटियों के खुलवाए खाते

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

आज भाजपा युवा मोर्चा अलवर दक्षिण के जिला अध्यक्ष तरुण जैन के नेतृत्व में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया जी के आवाहन पर उनके जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सुकन्या समृद्धि योजना में जरूरतमंद बेटियों के खाते खुलवाने का संकल्प लिया मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह नरुका ने बताया इस बार सतीश पूनिया का जन्मदिन अनूठे अन्दाज में मनाया जाएगा । उनके जन्मदिन के अवसर पर संपूर्ण राजस्थान में 1लाख खाते सुकन्या योजना के तहत खुलवाए जाएंगे इसके लिए जिला ब्लॉक मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकताओं की टीम तैयार की गई है ये टीम गरीब परिवार की बेटियों के डाकघर या सरकारी बैंक में खाते खुलवाने का अभियान चलाएगी जिला महामंत्री पवन जैन ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना मोदी सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है और इससे गरीब परिवार की बालिकाओं को सीधा फायदा होगा । जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि आज कल नेता अपने जन्मदिन पर भीड़ भाड़ और चमक दमक दिखाते है शक्ति प्रदर्शन करते है वही प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने अपने जन्मदिन पर गरीब परिवार की बेटियों के कल्याण के लिए अपने जन्मदिन पर सुकन्या समृद्धि योजना में गरीब बेटियों के खाते खुलवाकर अपनी जनसेवा को दशार्या है इस कार्य में भाजपा का एक एक कार्यकर्ता करीब बालिकाओं के खाते खुलवाएंगे व लोगो को भी प्रोत्साहित करेंगे मीडिया प्रभारी जितेंद्र गोयल ने बताया कि सतीश पूनिया जी मोदी जी की इस गरीब कल्याणकारी योजना को महत्व दे रहे है और अपने हर प्रवास के दौरान लोगो को भी प्रोत्साहित करते है इस महत्वकांशी योजना में अलवर जिला आगे रहेगा इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के सुपुत्र हरीश नड्डा का युवा मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया व सुकन्या योजना के तहत कन्या पूजन कर 9 बेटियों का सुकन्या योजना में नामांकन भरवाया गया

कार्यक्रम संयोजक विजय कोली , चतर सिंह गुर्जर व मयंक खंडेलवाल रहे मंडल अध्यक्ष ललित पवार व रजत ठाकुरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद विजय , मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान , रवि यादव ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुदेश खम्बरा , किसान मोर्चा के गोरधन सिसोदिया , २ मोर्चा सीताराम किराड़ , जिला पार्षद गगन डीप सिंह , पार्षद सुमन चौधरी , सतीश यादव मंडल महामंत्री नंदू बना , उम्मेद चौहान , सुनीता मीना , भाविक जोशी , मोहन चौहान , मंत्री सुरेन्द्र यादव , अमितं कश्मीरी , जितेंद्र कौशिक , विनोद यादव , दीपक गुप्ता , हिमांशु पारीक , परवीन अग्रवाल , हिमांशु अग्रवाल , राहुल खान , अमित जोगी

नेशनल बैंच प्रेस में सोल्जर जिम ने जीते पदक

मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

8 व 9 अक्टूबर 2022 को जयपुर में आयोजित मिस्टर इंडिया ओपन बैंच

प्रेस चैम्पियनशिप में सोल्जर जिम मालाखेड़ा से 3 खिलाड़ियों ने भाग लिया और तीनों ने ही पदक जीते मानसिंह वर्मा ने गोल्ड मेडल मनोज चौधरी ने गोल्ड मेडल और मनीष बसवाल ने सिल्वर मेडल जीता तीनों खिलाड़ियों ने जीत का श्रेय सोल्जर जिम के कोच मगन फौजी को दिया मालाखेड़ा निवासी सोनू मीणा ने बताया कि मेडल जीतने पर तीनों खिलाड़ियों का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया

खेरली रेल में एक पक्का मकान ढहने से 3 लोग घायल एक की हुई मौत

मरुधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। उपखंड मुख्यालय के खेरली रेल में भारी बारिश के दौरान एक पक्के मकान के गिरने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई एवं मलबे में दबने से 3 बच्चे घायल हो गए सरपंच प्रशांत सिंह ने बताया कि गांव खेरली रेल के पोखर के पास जाटव बस्ती में नंदकिशोर जाटव का मकान बना हुआ था जिसमें नंदकिशोर के बच्चे सहित आकाश, विकास, सपना व कल्पना सो

रही थी। रात्रि करीब 2:00 बजे आकाशीय बिजली के तेज आवाज के अचानक मकान गिर गया। इस दौरान में मकान में बने दोनों कमरे भी ढह गए बिजली कड़कने एवं मकान ढहने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और लोग मौके पर पहुंचे मलबे में दबे परिवार के लोगों को बहार निकाला जिसमें पिता एवं उसके तीन बच्चों को बचा लिया जबकि आकाश पुत्र नंदकिशोर उम्र 17 साल की मौके पर ही मौत हो गई। आकाश चारपाई पर सोया हुआ था जिसके ऊपर छत की पट्टिया गिर गई। जिन्हें ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से मलबे को हटाकर आकाश को बहार निकाला। लेकिन मृत हालत में बाहर निकला। मामले की सूचना पर हल्का पटवारी एवं खेडली पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को खेड़ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दो जनों को छुट्टी दे दी गई ।जिनमें से एक बालिका को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वही मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। एवं मौके पर पटवारी वेद प्रकाश ,तहसीलदार, ग्राम सचिव अमित कुमार, सरपंच प्रशांत सिंह ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया एवं रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है।

तिजारा दिन रात बारिश के कारण लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा लगातार बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है किसानों का कहना है कि क्षेत्र में बाजरे की फसल व कपास की फसल में भारी

नुकसान है किसानों ने अभी तक बाजरे की कटाई कर दी लेकिन खेतों में पड़ा हुआ है और बारिश से भारी नुकसान है कस्बे में तहसील परिसर कोर्ट परिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लबालब पानी भरा रहा राहगीरों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सड़कों , गलियों आदि जगहों पर बारिश का रोड पर पानी भर गया । पानी की वजह से सड़क का कहीं भी कोई अता पता नहीं चल रहा है । जिससे लोगों को गड्ढे व नालों में गिरने की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अस्पताल, तहसील ,कोर्ट परिसर में पूरी तरह से जलमग्न हो गए। दोपहिया वाहन व सवारी टैंपो बीच सड़क में ही बंद होकर रह गए हैं । जिन्हें लोग धक्का देकर निकालते हुए नजर आ रहे हैं । वही पैदल राहगीर घुटने तक पानी में होकर अपना सफर तय कर रहे हैं । लगातार हो रही बारिश से जहां लोगों को गर्मी निजात तो निजात मिली है लेकिन आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । पानी अपने पूरे उफान पर सड़कों पर बाहर आ रहा है पालिका प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई आमजन परेशान होते रहे

वाल्मिकी समाज द्वारा निकाली भव्य शोभायात्रा को अमिताभ बैरवा ने झण्डा दिखाकर किया रवाना

मरुधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। खेरली कस्बे में सौंखर रोड स्थित वाल्मिकी मंदिर से रविवार को शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा ने झण्डा दिखाकर रवाना किया ।वाल्मिकी समाज द्वारा अमिताभ बैरवा का साफा बंधन कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर अमिताभ बैरवा ने समाज के बंधुओं को शुभकामनाए प्रेषित की। इस अवसर पर विधायक निजी सचिव वीरू बैरवा, संतोष कैरव बसेठ, खूवी वाल्मिकी, राकेश सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

तिजारा देहरा जैन मंदिर पर श्रीमती कमला जैन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भ्रमणशील शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र देहरा पर शिविर का आयोजन किया जाएगा अध्यक्ष मुकेश चंद जैन ने बताया श्रीमती कमला जैन चैरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली के तत्वाधान में भ्रमण सील शल्य चिकित्सा इकाई का शिविर आयोजन दिनांक 13 व 14 अक्टूबर को रोगियों को भर्ती प्रातः 9:30 बजे से होगी व जांच व बीमारियों का निदान ऑपरेशन 13 से 19 अक्टूबर तक किया जाएगा। शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच एवं परामर्श एवं ऑपरेशन चिकित्सा जिसमें शल्य चिकित्सा में गुर्दे की पथरी पित्त की थैली की पथरी अपेंडिक्स हर्निया मस्सा भगंदर रसौली आदि वह नेत्र चिकित्सा में मोतियाबिंद कालापानी नाथू ना पलक बंदी के ऑपरेशन में लेंस प्रत्यारोपण आदि स्त्री रोग चिकित्सा बांझपन महावारी संबंधी रोग बच्चेदानी में अंडाशय की गांठ आदि नाक कान गला दंत रोग संबंधी परामर्श एवं निदान किया जाएगा और भर्ती किए गए मरीजों की लैबोरेट्री एक्स-रे ईसीजी अल्ट्रासाउंड आदि जाचे निशुल्क की जाएगी भर्ती मरीजों के रहने बिस्तर भोजन दवाइयों आदि की व्यवस्था निशुल्क होगी।

कठूमर क्षेत्र में दिन रात बारिश के कारण लोगों का जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

मरुधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। उपखंड क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण आप पास के गांवों में जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। लोगों के घरों में पानी घुस गया एवं बाजरे की फसल खेतों में पानी भरने से नष्ट हो गई।

इधर टिटपुरी सरपंच हरवीर सिंह चौधरी ने बताया कि गांव बींजला में चारों तरफ पानी पानी होने से घरों में पानी भर गया। जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। और खेतों में बाजरा की फसल पानी भरने से नष्ट हो गई है ।किसानों का कहना है। कि क्षेत्र में बाजरे की फसल व कपास की फसल में भारी नुकसान है। किसानों ने अभी तक बाजरे की कटाई कर दी लेकिन खेतों में पड़ा हुआ है और बारिश से भारी नुकसान है। वही लगातार हो रही बारिश से जहां लोगों को गर्मी निजात मिली है लेकिन आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । पानी अपने पूरे उफान पर कठूमर बाईपास रोड राधा कृष्ण मंदिर के पास पोखर से पानी सड़कों पर बाहर आ गया है जिससे रेरा रोड पर आवागमन बंद है राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

नेक कमाई समूह की ओर से रामलीला में किरदार निभाने वाले बच्चों का सम्मान राजस्थान के केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के द्वारा किया गया

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

शहर के दाउदपुर स्थित होटल बेल्मोड़े में नेक कमाई समूह की ओर से रामलीला में किरदार निभाने वाले बच्चों के सम्मान समारोह मंत्री जूली शामिल हुए' इस अवसर पर प्रधान दौलत जाटव, सुर ज्ञानी मीणा,संजीव बारेठ,प्रदीप आर्य, दौलत राम हजरती,सतीश भाटिया,मंजू चौधरी, अभिषेक तनेजा, ललित बेनीवाल, संजीव ब्रेथ, सुभाष बसवाल, अर्जुन मीणा, अध्यक्ष सुनील कुमार, अनिल कुमार, अमरचंद, रिंकू नंदा, महेश कुमार तमोली,अरविंद, रवि सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे'

दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम का इस्तीफा

नई दिल्ली. दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर विजयादशमी के दिन दिल्ली में बौद्ध सम्मेलन में हिंदू देवी-देवताओं को न मानने की शपथ दिलाने का आरोप है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने इसका वीडियो शेयर करके मंत्री की बर्खास्ती की मांग की थी। बताया गया है कि राजेंद्र पाल गौतम के बयान पर अरविंद केजरीवाल ने भी नाराजगी जताई थी। राजेन्द्र पाल गौतम आम आदमी पार्टी के दलित नेता हैं। वे दिल्ली की सीमापुरी सीट से विधायक हैं। केजरीवाल सरकार में उनके पास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति/जनजाति, रजिस्ट्रार ऑफ को-आपरेटिव सोसाइटीज मंत्रालय की जिम्मेदारी थी। उन्होंने अपने इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा बीजेपी के खिलाफ लड़ता रहूंगा। वे मेरे नाम पर केजरीवाल को टारगेट कर रहे थे। अपने नेता पर मैं आंच नहीं आने दूंगा। मंत्री राजेंद्र पाल ने 5 अक्टूबर को हुए इस इवेंट के बारे में जानकारी देते हुए ट्वीट किया, 'चलो बुद्ध की ओर मिशन जय भीम बुलाता है। आज मिशन जय भीम के तत्वावधान में अशोका विजयादशमी पर डॉ. अंबेडकर भवन रानी झांसी रोड पर 10,000 से ज्यादा बुद्धिजीवियों ने तथागत गौतम बुद्ध के धम्म में घर वापसी कर जाति विहीन व छुआछूत मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। नमो बुद्धाय, जय भीम!' यह दीक्षा कार्यक्रम जय भीम मिशन ने किया था, जिसमें 10 हजार से ज्यादा लोग आए थे। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी ने मुफ्त सामान देकर गरीब हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया है। आप धर्म परिवर्तन कराने वाली एजेंसी बन गई है। वीडियो वायरल होने के बाद मंत्री राजेंद्र गौतम ने कहा था, 'भाजपा देशद्रोही है। अगर मेरी आस्था बौद्ध धर्म में है तो उससे किसी को क्या दिक्कत है? भाजपा को शिकायत करनी है तो वह करे। भारत का संविधान हमें किसी भी धर्म को मानने की आजादी देता है। भाजपा की जमीन खिसक रही है और वह आम आदमी पार्टी से डरती है।

सचिन पायलट प्रदेश में चुनावी दौरों की शुरूआत में जुटे

जयपुर. राजस्थान कांग्रेस में पॉलिटिकल खींचतान के बीच पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट 10 अक्टूबर से प्रदेश में चुनावी दौरों की शुरूआत करने में जुटे हैं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के गढ़ और विधानसभा क्षेत्र झालावाड़ के झालरापाटन पहुंचकर पायलट चुनावी आगाज करेंगे। सचिन पायलट

सोमवार को ट्रेन से कोटा पहुंचेंगे। फिर बाय रोड झालरापाटन पहुंचेंगे। इस दौरान हाड़ौती में कोटा, झालावाड़, झालरापाटन में जगह-जगह पायलट का स्वागत कार्यक्रम भी समर्थकों ने रखा है। सचिन पायलट की माता रमा पायलट 2003 में झालरापाटन सीट पर वसुंधरा राजे से चुनाव हार चुकी हैं। अब 2023 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए चुनावी दौरे की शुरूआत के लिए पायलट ने झालरापाटन को ही चुना है। पायलट के झालरापाटन में चुनावी दौरे को उनके समर्थकों के लिए बड़ा संकेत माना जा रहा है। पायलट सीधे तौर पर वसुंधरा राजे के गढ़ में इसलिए चुनावी तैयारियों के लिए जा रहे हैं, क्योंकि पायलट खेमे के सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस में गहलोत और बीजेपी से वसुंधरा राजे से उन्हें नुकसान है। तय प्रोग्राम के मुताबिक सचिन पायलट सोमवार को दोपहर 1 बजे ट्रेन से कोटा पहुंचेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत, लंच और मुलाकात के बाद पायलट कार से झालावाड़ पहुंचेंगे। झालावाड़ में हाड़ौती सम्भाग के यादव समाज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होकर सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वसुंधरा राजे के गढ़ हाड़ौती में कांग्रेस की स्थिति कमजोर है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस यहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। पिछले दिनों पायलट ने कहा था 2023 में हमें प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रिपीट करने के लिए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। 2003 के विधान सभा चुनावों में सचिन की माता रमा पायलट झालरापाटन सीट से कांग्रेस के टिकट पर राजे के खिलाफ मैदान में उतरी थीं, जिसमें राजे ने उनको 27 हजार से भी ज्यादा वोटों के बडे अंतर से हराया था।

रूस ने रिहायशी इलाके पर दागीं मिसाइलें, 12 की मौत

जापोरिजिया. रूस ने यूक्रेन के जापोरिजिया में एक बार फिर मिसाइलें दागी हैं। द कीव पोस्ट के मुताबिक, रूस ने रविवार सुबह करीब 4:30 बजे जापोरिजिया में 10 मिसाइलें दागी। रिहायशी इलाके पर हुए इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 49 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में 6 बच्चे भी शामिल हैं।

जापोरिजिया के मिलिट्री चीफ ऑलेक्जेंडर स्टारुख ने इसकी जानकारी दी है। हमले के वक्त लोग सो रहे थे। अचानक उनके घरों से मिसाइलें टकराईं। हमले में एक अपार्टमेंट समेत 5 बिल्डिंग्स को नुकसान पहुंचा है। 24 कार भी जल गईं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाला कर्च रेलवे ब्रिज शनिवार को धमाके के बाद तबाह हो गया था। इसके बाद रूस ने वहां सिक्योरिटी टाइट कर दी है। जापोरिजिया क्रीमिया से सिर्फ 200 किमी दूर है। ब्रिज के गिरने के कुछ ही घंटे बाद ही रूस ने यूक्रेन के जापोरिजिया में हमला किया। रूस ने यूक्रेन के जापोरिजिया में रह रहे आम लोगो पर दूसरी बार मिसाइल दागी हैं। इससे पहले 30 सितंबर को यूक्रेन के जापोरिजिया में स्थानीय लोगों की मदद करने जा रहे काफिले पर रूस ने मिसाइल हमला किया था। इसमें 23 लोगों की मौत हुई थी और 28 घायल हुए थे।

राहुल गांधी के सानिध्य में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में आज जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में पदयात्रा का आयोजन किया गया

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की पदयात्रा की शुरूआत मोती डूंगरी स्थित टीकाराम जूली के कार्यालय से की गई, पदयात्रा में अनुशासन में लाइन बनाकर चलते हुए हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने देशभक्ति के नारे लगाये, पदयात्रा राजीव गांधी की प्रतिमा, राजीव गांधी पार्क से होते हुए वापिस मंत्री जुली जी के कार्यालय पर पहुंची।
कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा की राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा निकालकर देश को जोड़ने का काम कर रहे हैं वही दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में हिंदू-मुस्लिम करके देश तोड़ने का काम कर रहे हैं, राहुल गांधी जी महंगाई को कम करने की बात करते हैं वही मोदी सरकार की विफल आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई चरम पर है, राहुल गांधी देश में युवाओं को नौकरी देकर रोजगार देने की बात करते हैं वही मोदी सरकार अग्निवीर जैसी योजना लाकर देश के युवाओं को भ्रमित करके उन्हें बेरोजगारी के दलदल में ले जा रही है।
पदयात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, कांग्रेस सोशल मिडिया प्रदेशाध्यक्ष विक्रम स्वामी, पीसीसी सदस्य जय प्रकाश शर्मा, महेश सैनी लंबू बैसला, रिपू दमन गुप्ता, राजेश विरमानी, सोनू गोपालिया, जीडी आर्यन नितिन धाकड़, बलवीर चौधरी पप्पू राम, अशोक सोनी, अमर सिंह मीणा, आशीष दीक्षित, सुनील घुनावत, सद्दाम जोरवाल, नवीन कुमार शर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

भरतरी पैनोरमा पर पौधारोपण की एक वर्षीय वर्षगांठ, 1 वर्ष में बुध विहार विजय नगर निवासियों ने लगाए 500 से अधिक पौधे

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

डॉ पंकज गुप्ता एवं मनिंद्र शर्मा एसीजेएम अलवर , श्रीमती करुणा शर्मा एसीजेएम एवम अन्य रहे वार्षिक कार्यक्रम के अतिथि
सयुक्त वैश्य महासभा, बुध विहार विजय नगर, अलवरर के द्वारा आज दिनांक 9 अक्टूबर 2022 को भर्तृहरि पैनोरमा, अलवर में साप्ताहिक पौधारोपण की एक वर्षीय वर्षगांठ मनाई गई । जिसमें 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर के बीच जन्मे/वैवाहिक वर्षगांठ वाले सभी सदस्यो का आज दिनांक 09 दू३. 2022 को पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया गया। जिनमें क्रमशः निम्न आगंतुकों का जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ मनाई गई :
1. श्री प्रतीक ठाकुरिया
2. श्री चिराग गोयल
3. श्री लक्ष्य मित्तल
4. श्री ललता प्रसाद जी
5. विहाना
आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मनेंद्र शर्मा सीजेएम अलवर, श्रीमती करुणा शर्मा एसीजेएम अलवर एवं विशिष्ट अतिथि श्री ओम प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष जिला वैश्य महासभा, बृज भूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता, श्री मोती लाल विजय उपाध्यक्ष जिला वैश्य महासभा, श्री रमेश चंद्र सिंघल, महामंत्री अग्रवाल महासभा, श्री कृष्ण कुमार खंडेलवाल, अध्यक्ष पर्यावरण समिति रहे।
इस कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की गई और यह भी संदेश दिया यह कार्यक्रम अब बुध विहार विजय नगर तक ही सीमित ना रहे आगे यह कार्यक्रम पूरे शहर की सभी कॉलोनी और सोसाइटी और राजस्थान और भारत में इस प्रकार जन्म दिवस एवं शादी की वर्षगांठ पर पौधारोपण का कार्यक्रम साप्ताहिक रूप से आयोजित होना चाहिए ऐसी शुभकामनाएं प्रेषित की गई उनका बहुत-बहुत साधुवाद आभार। ऐसी शुभकामनाएं उनके द्वारा प्रेषित की गई। आज इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए समिति को पूरा 1 वर्ष हो गया है । जिसमें समिति द्वारा करीब 500 पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनमें अधिकांश पौधे लगे हुए हैं, इनकी देखरेख कार्यकारिणी के द्वारा समय-समय पर की जाती है। कार्यक्रम में ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए समिति को इस पुनीत वृक्षारोपण के कार्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और ब्रज का राधा रानी का दुपट्टा उड़ा उड़ा कर समिति के प्रमुख पदाधिकारियों का सम्मान किया।
इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी जावली ने भारत सरकार की योजना बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही हेल्प लाइन 14567 टोल फ्री नंबर एल्डर हेल्पलाइन के पोस्टर का विमोचन सभी आगंतुकों से करवाया।
आज इस प्रोग्राम में श्री मनेन्द्र शर्मा सीजेएम अलवर , श्रीमती करुणा शर्मा एसीजेएम अलवर, भूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजकडॉ पंकज गुप्ता, प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर अध्यक्ष यशवंत कुमार गुप्ता, गीता परिवार के जिलाध्यक्ष अश्वनी जावली,ओम प्रकाश गुप्ता भट्टा वाले, श्री मोतीलाल विजय, रमेश चंद सिंघल, डॉ भारत भूषण रावत, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, मोहन स्वरूप अग्रवाल अध्यक्ष, सतीश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, अशोक कुमार ठाकुरिया कोषाध्यक्ष, प्रहलाद पार्षद, राम बाबू गुप्ता, श्री अनिल बंसल, विष्णु गुप्ता, भरत गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, सुरेश गर्ग, अनिल गोयल, रवि अग्रवाल, मनोज अग्रवाल जी, श्री वीके गुप्ता जी, श्री रामावतार गुप्ता, रवी गर्ग जी, श्री मनीष गुप्ता, भारत रतन बंसल जीश्रीमती मीना अग्रवाल, रोहित गुप्ता, रूपेश गुप्ता , डॉक्टर मयंक, अशोक अग्रवाल, विमल जैन, एडवोकेट, जितेंद्र गर्ग, संजय डाटा, सुभाष गोयल, मनीष गुप्ता जी, भारत रतन गुप्ता, अशोक जैन, श्रीमती रमा गुप्ता, श्रीमती सरोज बंसल, श्रीमती निधि गुप्ता, श्रीमती आशा मित्तल श्रीमती अनिता गुप्ता जी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।आज समिति द्वारा कुल 5 पौधे लगाए गए एवं आगंतुक सभी अतिथि गणों को लड्डू कचोरी का अल्पाहार कराया गया।

अलवर शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र राठ नगर के समीप एक व्यक्ति की डेड बॉडी रेलवे पटरी पर मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

परिजनों ने उसके दो दोस्तों पर हत्या कर डेड बॉडी पटरी पर डालने का आरोप लगाया है। सत्येंद्र यादव ने बताया कि उसका साला नरेश कुमार पुत्र रामनिवास वीर सावरकर नगर बीती रात 9:30 बजे अपने दोस्तों के साथ घर से गया था देर रात जब घर नहीं पहुंचा तो रात 3 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी।आज सुबह 5:30 बजे रेल की पटरी पर उसका शव पड़े होने की सूचना शिवाजी पार्क थाना पुलिस ने दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उसकी शिनाख्त नरेश के रूप में हुई उन्होंने आरोप लगाया कि उसके दो दोस्त अपना घर शालीमार निवासी रोहित बत्रा एवं शिवाजी पार्क निवासी अजय पाल ने हत्या कर उसके शव को पटरियों पर फेंका है। इन तीनों के बीच में पैसे का लेनदेन का मामला था इस कारण इन दोनों दोस्तों ने उस को रास्ते से हटाया है यह तीनों बिटकॉइन कंपनी में निवेश करते थे। इधर शिवाजी पार्क पुलिस के हेड कांस्टेबल अमृत लाल ने बताया कि परिजनो ने रिपोर्ट दी है उन्हें शक है कि उनकी हत्या कर शव को पटरियों पर पटका गया मृतक की पहचान नरेश पुत्र रामनिवास वीर सावरकर नगर के रूप में हुई है पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है

अलवर कोतवाली थाना पुलिस ने राखी व्यवसाई घनश्याम सैनी की हत्या कांड में मुख्य अभियुक्त राजा उर्फ पप्पू को षड्यंत में शामिल एवं शरणदाता सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया है

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

शहर कोतवाली के थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया पुलिस ने 29 जुलाई 2022 को अनिल कुमार सैनी द्वारा एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके पिताजी घनश्याम सैनी का अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर हत्या कर दी इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था जिसमें मुख्य अभियुक्त राजा फरार चल रहा था 7 अक्टूबर को क्यूआरटी के एसआई जितेंद्र कुमार को सूचना मिली कि घनश्याम सैनी हत्या कांड का अभियुक्त राजा अपने दो साथियों के साथ अलवर से निकलकर भिवाड़ी की तरफ एक कार से जा रहा है जिस पर क्यूआरटी और डीएसटी अरावली विहार ने उनका पीछा किया तो कोटकासिम के पास उन अभियुक्तों को दबोच लिया पुलिस ने इस मामले में लादिया मोहल्ला निवासी पप्पू उर्फ राजा पुत्र पूरन सिंह राजपूत दिल्ली निवासी महादेव पुत्र जयदेव शर्मा एवं हरियाणा निवासी नवीन यादव पुत्र इंदर सिंह यादव को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अप्पू से गहनता से पूछताछ करने पर पाया कि घनश्याम सैनी का अपहरण करने के लिए पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त बलजीत को सूचना दी कि मैंने व मोंटी ने घनश्याम सैनी की अच्छी तरह रेकी कर कर ली है और हम इसे उठा सकते हैं सुरेश से भी ज्यादा रुपया दे सकता है इस तरह आयुक्त द्वारा सोनू जी तरीके से घनश्याम सैनी का अपहरण कर 29जुलाई 2022 को तिजारा के जरौली के जंगल में ले जाकर सभी ने मिलकर हत्या कर दी पुलिस ने बताया कि जिस व्यक्ति द्वारा इन्हें शरण दी थी उक्त नवीन यादव को गिरफ्तार किया गया ।अभी तो नवीन यादव के अलावा अभियुक्त अप्पू को शरण देने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है ।अप्पू के खिलाफ पूर्व में भी पांच मुकदमे दर्ज हैं

कस्बे के अरावली कॉलेज में खेडामैदा सोसाइटी के पदाधिकारियों का किया स्वागत सम्मान

मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी

कठूमर। कस्बे के अरावली कॉलेज में आदर्श जाट महासभा के जिला अध्यक्ष तूहीराम चौधरी के नेतृत्व में ग्राम सेवा सहकारी समिति खेड़ामैदा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का रविवार को साफा माला बंधन कर स्वागत सम्मान किया। कॉलेज संचालक केदार चौधरी एवं रणवीर चौधरी ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति खेड़ामैदा के अध्यक्ष रमेश शर्मा भोजपुरा,उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा खेडामैदा,एवं सदस्यगण बुद्धा चौधरी खेड़ामैदा, कुंवर सिंह चौधरी खेड़ामैदा,प्रकाश मीणा खेड़ामैदा,नवल शर्मा भोजपुरा, दरोगा शर्मा भोजपुरा का स्वागत किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर दीवान चौधरी खेड़ामैदा, राजेश चौधरी खेड़ामैदा, कल्लन चौधरी खेड़ामैदा, नवल नेताजी भोजपुरा, मुक्की शर्मा भोजपुरा, सुरेश शर्मा भोजपुरा,छंगाराम शर्मा भोजपुरा,मदन सैनी सुण्डियाना, युवा आदर्श जाट महासभा कठूमर अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी मसारी,हंसराज रेला सहित सर्वसमाज के लोग मौजूद रहे।

अमेठी तहसील तिलोई सचिवालय से नागरिकों को घर बैठे मिलेंगी सुविधाएं

मरुधर विशेष संवाददाता शिवकुमार मौर्य

प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह ने सेमरौता के सचिवालय का फीता काटकर किया लोकार्पण ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई ने अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, अंकित पासी, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी वी के अस्थाना सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

अमेठी तहसील तिलोई के ग्रामसभा चेतरा बुजुर्ग कंपोजिट विद्यालय चेतरा बुजुर्ग

मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य

तिलोई अमेठी में शिक्षकों के गौरव भैय्या धीरेन्द्र प्रताप सिंह जी जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ - अमेठी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत समारोह किया गया। श्रीमती कीर्ति मिश्रा जी व श्री मोनू जायसवाल-प्रधान ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करके बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री अंबिका शरण खरे , उपाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ- तिलोई ने माल्यार्पण कर स्वागत किया,समस्त शिक्षिकाओं रश्मि वर्मा, रश्मि सिंह,कमला देवी, एवं शिव शंकर सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कीर्ति मिश्रा ने जनपद अमेठी को इस उपलब्धि के लिए प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुशील कुमार पांडेय जी? का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया, प्रधान मोनू जायसवाल ने कहा, जनपद - अमेठी को उपाध्यक्ष पद मिलने पर अमेठी का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ,यह हम सबके लिए गौरव की बात है इस अवसर पर श्री रमा कांत मौर्य एवं श्री बृजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे

कस्बे के चंदा एग्रो सीड्स कम्पनी के गोदाम से सरसों के बीज की हुई चोरी

मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी

खेरली। कस्बे में शुक्रवार रात्रि को चंद्र प्रकाश अग्रवाल निवासी खेरली वार्ड नंबर 10 ने अपनी फर्म चंदा एग्रो सीड्स कंपनी इंडस्ट्री एरिया खेरली में स्थित है। जिसमें से 52 नग सरसों चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दी है। जानकारी के अनुसार फर्म चंद्रा एग्रो सीड्स के मालिक ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 अक्टूबर रात्रि 9:30 बजे फैक्ट्री बंद करवाकर घर पर आया एवं और अगले दिन 9:00 बजे फैक्ट्री पर गया तो गोदाम पर वहां छोटे गेट पर ताला नहीं लगा मिला था जिसमें अंदर जाकर देखा तो गोदाम पर सरसों के बीज की 52 नग कम मिले और बाहर सरसों बीज फैली हुई मिली। इसी देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। और रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में प्रार्थना पत्र पेश किया। इधर पुलिस की कार्यवाही में मौके पर पंहुचकर देखा तो धारा 380 आईपीसी का मामला पाया गया मामले को दर्ज कर तस्तीफ झम्मन सिंह हेड कॉन्स्टेबल को दी गई जिसकी जांच जारी है।

कामां में 101 एमएम बरसात रिकार्ड दर्ज,जन जीवन अस्त व्यस्त

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां.कस्बां सहित ग्रामीण क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बरसात से क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बरसात ने लोगों को घरों में रूकने पर ही मजबूर कर दिया। वहीं अति बरसात से क्षेत्र के किसानों की चिंताए बढ? लगी है। और ज्वार बाजरे की फसल खेतों में अति बरसात से खराब होने लगी है। वहीं रबी की फसल के लिए किसानों के द्वारा तैयार की गई। अपनी कृषि भूमि पर जलभराव होने से सरसों की फसल की बुबाई प्रभावित हो गई है। इस बरसात से अब करीब बीस दिन बाद खेतों का पानी सूखने पर सरसों की बुबाई संभव हो सकेगी। इससे सरसों की बुबाई में किसान पिछड़ जाएगें। वहीं कामां क्षेत्र में रविवार को 101 एमएम बरसात रिकार्ड दर्ज की गई। कस्बें के निचले बस्तियों पानी में भर गया। गांव नंदिरा बास में सडक किनारे स्थित करीब 15 फुट गहरी पोखर लबालब होने के बाद सड़क और गलियों में पानी भर गया लोगों के घरों में पानी घुस गया जलभराव के कारण पानी लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो गया वहीं दूसरी ओर गांव सबलाना में भारी बरसात के कारण आए पहाड़ी नाले के कारण मुख्य सड़क मार्ग पर कई कई फुट पानी चलने लगा और लोगों के घरों में पानी घुस गया जलभराव के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ो

पैगंबर इस्लाम मोहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम की यौमे पैदाइश पर निकाला गया मोहम्मदी जुलूस

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां.कामा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पैगंबरे इस्लाम मोहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम की पैदाइश के मौके पर रविवार को कस्बें में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें टायरा गुडगांव,अब्बास कॉलोनी से जुलूस निकाल कर पहले शमशेर सरपंच टायरा के निवास पर एकत्रित होकर टायरा मोड़ से कोसी चौराहा, कामां बस स्टैंड , मेव मोहल्ला अदालत चौराहा, अंबेडकर चौराहे होते हुऐ नबी की शान में तकरीर नारा लगाते हुए तिरंगा झंडा,इस्लामी झंडे लहराते हुए जुलूस निकाला गया। जुलूस का जगह जगह कस्बे में स्वागत किया गया। कामां में कोसी चौराहे पर जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।